कक्षा 11 एवं 12

Public education
Discover a world of opportunities

परीक्षा के लिए तैयारी करना

परीक्षा के लिए तैयारी करना

1. जल्द से जल्द शुरूआत करें

अपनी परीक्षा के करीब छ: सप्ताह पहले रिवाइज़ करना शुरू करें। रट्टा न लगायें और रात-रात भर न जागे रहें- इससे कोई फायदा नहीं होता है। एक ही रात में बस कुछ याद कर लेना असंभव है।

2. समय-सीमा बनायें

अपने स्टडी टाइमटेबल पर रिविज़न करने (दोहराने) का समय दर्शायें। अपने लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें हासिल करने पर उनपर निशान लगायें। वास्तविक बने रहना याद रखें और हासिल किए जाने योग्य लक्ष्य निर्धारित करें।

3. व्यापक नोट्स (लेख) बनाएँ

आपके द्वारा हर रोज़ लिए जाने वाले नोट्स आपकी रिविज़न का मुख्य भाग होते हैं। हर कक्षा के बाद, अपने नोट्स पर नज़र मारें और यह सुनिश्चित करें कि ये स्पष्ट और संपूर्ण हैं। यदि आप किसी बात को लेकर अनिश्चित हैं या आपसे किसी दिन का काम छूट गया है, तो अपनी टीचर से बात करें और उन्हें आपको इसे स्पष्ट करने के लिए कहें।

4. अपने समय और स्थान का प्रबंध करें

अपने स्टडी टाइमटेबल में रिविज़न के समय को भी शामिल करें। यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक सत्र की शुरुआत में आपके पास वह सब है जिसकी आपको ज़रूरत है, इसमें नोट्स, हैंडआउट्स और पाठ्य पुस्तकें शामिल हैं।

5. रिविज़न करने के तरीकों का अभ्यास करें

- अपने नोट्स दोबारा लिखें। यह आपकी याददाश्त को ताज़ा करने का बढ़िया तरीका है। इन्हें अपने शब्दों में लिखना यकीनी बनायें। ऐसा करना यह दर्शाता है कि आपको विषय की समझ है।
- अपने आप से सवाल पूछें। अपने सवालों के जवाब बोल-बोल कर दें जैसे कि आप पहली बार किसी अन्य व्यक्ति को अपने जवाबों का विवरण दे रहे हों।
- फ्लैश काड्र्स बनाएँ। ये परिभाषाएँ, नियम और फॉर्मूला सीखने के लिए बहुत बढ़िया होते हैं। आपका परिवार भी सवाल-जवाब करके आपकी मदद कर सकता है।
- एक समय में एक ही मुख्य विषय-वस्तु का सार प्रस्तुत करें। तब तक नियमित तौर पर ऐसा करना जारी रखें जब तक कि आप अपने मूल नोट्स और पुस्तकों को रेफर किए बिना इस काम को पूरा करने में समर्थ नहीं हो जाते/जाती हैं।
- पिछली परीक्षाओं को हल करने का प्रयास करें। इससे आपको ऐसे जवाबों से खुद को अवगत करने में मदद मिलती है जिन्हें आपको देने की ज़रूरत होती है।
- अपने टीचरों से बात करें। ऐसा करना उस समय विशेष तौर पर महत्वपूर्ण होता है जब आपको किसी चीज़ को समझने में कठिनाइयाँ पेश आती हों। वे आपकी मदद के लिए मौजूद हैं।

Department of
Education

education.wa.edu.au.

© Department of Education, Western Australia, 2015